"In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 28th July, 2021 agreed without any amendment to the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Amendment Bill, 2021 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 24th March, 2021."

… (*Interruptions*)

ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति
विवरण

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' (मुंगेर): सभापति महोदय, मैं ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं :

(1) 'विद्युत क्षेत्र में तनावग्रस्त/गैर-निष्पादनकारी परिसंपत्तियाँ' विषय के बारे में ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति के 37वें प्रतिवेदन (सोलहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में समिति के 9वें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) के अध्याय-एक में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई।

(2) 'बिजली क्षेत्र में एनपीए के संबंध में तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के समाधान के लिए आरबीआई के संशोधित फ्रेमवर्क का प्रभाव' विषय के बारे में ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति के 40वें प्रतिवेदन (सोलहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में समिति के 10वें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) के अध्याय-एक में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई।

ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति के दूसरे, चौथे, 20वें और 27वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य – सभा पटल पर रखा गया

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल): सभापति महोदय, मैं श्री राज कुमार सिंह जी की ओर से, निम्नलिखित वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं:

(1) विद्युत मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2019-20) के बारे में ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति के दूसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(2) विद्युत मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-21) के बारे में ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति के चौथे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

… (व्यवधान)

जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति के 11वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य – सभा पटल पर रखा गया

जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रह्लाद सिंह पटेल): सभापति महोदय, मैं पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-22) के बारे में जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति के 11वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

… (व्यवधान)

लोक महत्व के अविलम्बनीय मुद्दे

1204 बजे

माननीय सभापति : आप सभी माननीय सदस्यगण से मेरा निवेदन है कि आप लोग अपनी सीट्स पर जाइए, शून्य प्रहर शुरू हो रहा है। अपनी बात रखिए और अन्य माननीय सदस्यों को भी अपना विषय यहां रखने दीजिए।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please go back to your seats.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : डॉ. निशिकांत दुबे ।

… (व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): सभापति महोदय, मैं इस सदन के सारे सदस्यों का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं, सांसद के तौर पर यह मेरा 13वां साल है। … (व्यवधान) मैं झारखण्ड से आता हूं और कल जिस तरह से … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) कहकर सम्बोधित किया गया, एक महिला सदस्य के द्वारा, तृणमूल कांग्रेस के द्वारा, ऐसा मैंने अपनी लाइफ में कभी नहीं देखा था। … (व्यवधान)

सर, हमारा दोष क्या है? हमारा दोष यह है कि इस देश को बनाने में एक मजदूर के तौर पर, बिहारी के तौर पर, हिन्दी भाषी के तौर पर, चाहे वे उत्तर प्रदेश के लोग हों, मध्य प्रदेश के लोग हों, राजस्थान के लोग हों, हमने मेहनत की है। हमने श्री राम को शिक्षा दी। यदि बक्सर नहीं होता तो श्री राम पढ़ाई नहीं करते। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : उनका विषय आने दीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : इसे नीचे रखिए।

… (व्यवधान)

(1205/RAJ/AK)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): सवाल सिख धर्म का है, गुरु गोबिन्द सिंह जी बिहार में पैदा हुए।... (व्यवधान) बुद्ध को शिक्षा बिहार में मिली।...(व्यवधान) जैन धर्म वहां से स्टार्ट हुआ।...(व्यवधान) जहां मैं पैदा हुआ, ... (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल) : सभा की कार्यवाही 12 बजकर 30 मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है।

1205 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा बारह बजकर तीस मिनट तक
के लिए स्थगित हुई।

(1230/VB/SPR)

1230 बजे

लोक सभा बारह बजकर तीस मिनट पर पुनः समवेत् हुई।

(श्री राजेन्द्र अग्रवाल पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

1230 बजे

(इस समय श्री हिबी ईडन, सुश्री महुआ मोइत्रा और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please, go back to your seats.

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया सदन की कार्यवाही आगे चलने दीजिए।

… (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): माननीय सभापति जी, निशिकांत जी की बात अधूरी रह गई है।… (व्यवधान)
माननीय सभापति : मैं समझता हूँ कि आप अपनी बात काफी कह चुके हैं।

… (व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : माननीय सभापति जी, जीरो ऑवर चल रहा है। माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं।… (व्यवधान) निशिकांत दुबे जी की बात पूरी नहीं हुई है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री कृष्ण पाल जी, आपकी कुछ पेपर लेईंग है।

… (व्यवधान)

STATEMENTS RE: STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS IN 2nd, 4th, 20th AND 27th REPORTS OF STANDING COMMITTEE ON ENERGY - Contd. – LAID

1231 hrs.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEAVY INDUSTRIES (SHRI KRISHAN PAL): Sir, with your permission, on behalf of Shri Raj Kumar Singh, I beg to lay the following statements regarding:-

(3) the status of implementation of the recommendations contained in the 20th Report of the Standing Committee on Energy on "Power Generation from Municipal Solid Waste" pertaining to the Ministry of New and Renewable Energy.

(4) the status of implementation of the recommendations contained in the 27th Report of the Standing Committee on Energy on Demands for Grants (2017-18) pertaining to the Ministry of New and Renewable Energy.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : ज़ीरो ऑवर चलने दीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया करके आप लोग अपनी-अपनी सीटों पर जाइए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1232 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा चौदह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1400/IND/UB)

1401 बजे

लोक सभा चौदह बजकर एक मिनट पर पुनः समवेत् हुई।

(डॉ. किरिट पी. सोलंकी पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

1402 बजे

(इस समय सुश्री महुआ मोइत्रा, श्री जसबीर सिंह गिल, श्री हिबी ईडन और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

…(व्यवधान)

नियम 377 के अधीन मामले – सभा पटल पर रखे गए

1402 बजे

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामलों को सभा पटल पर रखा जाएगा। जिन सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को आज उठाने की अनुमति दी गई है और जो उन्हें सभा पटल पर रखने के लिए इच्छुक हैं, वे 20 मिनट के भीतर मामले का पाठ व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर भेज दें। केवल उन्हीं मामलों को सभा पटल पर रखा माना जाएगा, जिसके लिए मामले का पाठ निर्धारित समय के भीतर सभा पटल पर प्राप्त हो गया हो। शेष मामलों को व्यपगत माना जाएगा।

… (व्यवधान)

Re: Promotion of tourism in Jhansi and Lalitpur districts in Uttar Pradesh

SHRI ANURAG SHARMA (JHANSI): Indian society and civilization is probably one of the oldest in the world. There is immense historical value of each and every aspect of our society which attracts tourists to our country. Tourism is one of the best instruments of economic development. Jhansi under Bundelkhand region, has huge potential for tourism and is famous for historical, spiritual and natural beauty such as Jhansi Fort, Rani Mahal, Maha Lakshmi Temple and Mansarovar lake of Banpur, Talbehat, Jain Temple.

If the place is developed in a planned manner then the condition of this region can change. It will help to generate more employment opportunities in tourism sector, therefore more youths will be dependent on tourism leading to reduction in migration to other districts for jobs. So, I request the hon'ble minister to take necessary steps to provide central assistance to promote tourism for the development of Jhansi and Lalitpur districts of Uttar Pradesh. (ends)

Re: Grant of an additional chance to teachers in Maharashtra for clearing the Teachers Eligibility Test

SHRI UNMESH BHAIYYASAHEB PATIL (JALGAON): The RTE Act 2009 mandates passing of TET for being appointed as teachers for Class 1-8. In November 2017, the state government of Maharashtra set March 30, 2019 as the last date for clearing TET for elementary teachers. It was also decided that the teachers failing to clear TET before the cut-off date will be terminated. The state government had accordingly stopped disbursing salaries of about 7,000 elementary teachers across Maharashtra with effect from January 1, 2020.Several issues like lack of syllabus, failure to organize TET twice a year and low success rate has put the future of more than 30,000 teachers at stake. Last TET was held in 2019 and many teachers were unable to clear or appear in the examination due to flaws in the recruitment process. I request the Government to make special provision by granting one additional chance to these 30000 teachers for clearing TET in 2021 so that they could become eligible for employment as a teacher.

(ends)

Re: Need to construct Pune-Ahmednagar-Aurangabad-Jalgaon railway line

डॉ. सुजय विखे पाटील (अहमदनगर): मेरा संसदीय क्षेत्र अहमदनगर पर्यटन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है और शिरडी साई बाबा मंदिर भी यहाँ स्थित है जहाँ प्रतिदिन देश और विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक प्रार्थना करने आते है. यदि पुणे-अहमदनगर-औरंगाबाद-जलगाँव रेलवे लाइन का निर्माण किया जाता है तो यह न केवल पुणे से होकर गुजरेगी, बल्कि अहमदनगर, जलगाँव और औरंगाबाद सहित कई पर्यटन स्थलों को भी जोड़ेगी।इस रेल लाइन के निर्माण से इन क्षेत्रों के औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और रेलवे के साथ केंद्र सरकार के लिए भी राजस्व उत्पन्न करेगा। इन क्षेत्रों के रेल यात्री लंबे समय से इस लाइन के निर्माण की मांग कर रहे हैं क्योंकि इसके अभाव के कारण उन्हें यात्रा करने में असुविधा होती है।मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि पुणे-अहमदनगर-औरंगाबाद-जलगाँव रेलवे लाइन के निर्माण के लिए तत्काल सर्वेक्षण किया जाये और यथाशीघ्र सरकार इस नई रेलवे लाइन का निर्माण करें।

(इति)

Re: Fixing appropriate Obstacle Clearance Altitude at Mumbai Airport to facilitate construction of houses under PMAY in the vicinity of the Airport

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): महोदय, माननीय प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यान्वयन हेतु मुंबई हवाई अड्डा ड्राफ्ट आरएनई एआर रनवे 32 सीमाओं पर ओसीए सीमा में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता है। यहां पर जमीन क्षेत्र जहां आरएनपी एआर रनवे 32 की सीमा मौजूद है, जहां एक लाख से अधिक परिवार मलिन बस्तियों में रह रहे हैं, जिनकी बहुत खराब स्थिति है। कई हितधारक यहां पर माननीय प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सस्ती आवास योजना को लागू करना चाहते हैं, लेकिन आरएनपी एआर सीमा के कारण लगाई गई ऊंचाई की प्रतिबंध की वजह से वे इस योजना को लागू नहीं कर पा रहे हैं।

इस संबंध में, मैं सदन का ध्यान नागर विमानन मंत्रालय के ऑर्डर नं. एवी-24032/111/2020-एएव/एमओसीए(191527), दिनांक 17 फरवरी, 2020 की ओर भी आकर्षित करना चाहूंगा, जिसमें हवाई अड्डों के आसपास के शहरों के विकास के साथ-साथ नीति और विनियमों की सुरक्षा करने वाले हवाई अड्डों की जांच करने के लिए समिति का गठन करके 45 दिनों की समयावधि में रिपोर्ट सबमिट किए जाने का निर्देश दिया गया है। लेकिन, दुख है कि अब तक इस समिति का गठन ही नहीं हो पाया है।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह उपरोक्त समिति का तत्काल गठन करके विमान संचालन की सुरक्षा से समझौता किए बगैर एआर एपीसीएच सुरक्षा सतह के अंदर मौजूदा संरचना ऊंचाई आईसीएओ 9905 के अनुसार उपयुक्त उच्च ओसीए की स्थापना के बारे में पुनर्विचार किए जाने हेतु समुचित कदम उठाएं।

(इति)

Re: Need to expedite construction of Ahmedabad-Himmatnagar stretch of NH-8 passing through Ahmedabad East parliamentary constituency, Gujarat

श्री हँसमुखभाई एस. पटेल (अहमदाबाद पूर्व): अहमदाबाद-हिम्मतनगर राजमार्ग के बेहतरीन विकास के लिए सड़क एवं परिवहन मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ| यह कार्य सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के गतिशील नेतृत्व में ही संभव हो पाया है।

अहमदाबाद - हिम्मतनगर राष्ट्रीय राजमार्ग - 8 मेरे निर्वाचन क्षेत्र अहमदाबाद पूर्व से गुजरता है, लेकिन वर्तमान में ठेकेदार द्वारा उपरोक्त कार्य में किसी कारणवश देरी हो रही है। अधूरे काम के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अतः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से अनुरोध करता हूं कि मामले को देखें और समस्या का समाधान करें।

(इति)

Re: Construction of embankment to prevent land erosion caused by Sone River in Palamu parliamentary constituency, Jharkhand

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू (झारखंड) के कांडी प्रखंड के मोखापी से सुण्डीपुर, ग्राम जयनगरा, खरौंधा, गाडा, गाडाखुर्द, कसनत, तक कोयल नदी से एवं सुण्डीपुर से श्रीनगर, ग्राम नारायणपुर, बराडीह, वनकट, गाडाखुर्द, सनपुरा, नरवाड़ीह, कालागढ़ा, बलियारी, बुनियाद विगहा, सड़की, शिवरी डुमरसोता, श्रीनगर तक सोन नदी से कटाव बहुत तेजी से हो रहा है। लगभग 6 से 7 किलोमीटर तक यह कटाव हो रहा है। खेती योग्य सिंचित भूमि का कटाव हो रहा है। अब आवास भी कटना शुरू हो गया है। लोग पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। विदित है कि सिंचित कृषि योग्य भूमि तथा मकानों को कटाव से बचाने के लिए यह आवश्यक हो गया है कि तटबंध का निर्माण शीघ्रातिशीघ्र कराया जाय।

इस कार्य को गंगा फ्लड वाटर कंट्रोल कमीशन पटना की देखरेख में होना है और उन्हें ही इस कार्य के प्रस्ताव को स्वीकृत करना है। गंगा फ्लड वाटर कमीशन के पदाधिकारियों ने कुछ महीने पूर्व कटाव वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया था एवं कार्यपालक पदाधिकारी लघु सिंचाई गढ़वा को कतिपय दिशा निर्देश दिया था। कार्यपालक अभियंता ने इन दिशा निदेशों का अनुपालन करते हुए समेकित प्रस्ताव गंगा फ्लड वाटर कमीशन को भेज दिया है।

अतः महोदय आपके माध्यम से माननीय मंत्री जल शक्ति से अनुरोध है कि उपरोक्त कार्य हेतु तटबंध निर्माण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करने की कृपा की जाय।

(इति)

Re: Need to provide age relaxation for persons belonging to Economically Weaker section

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): 9 जनवरी 2018 का हमारी केन्द्र सरकार ने सामान्य आर्थिक-पिछड़ा-वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सभी सरकारी नौकरियों एवं शैक्षणिक संस्थानों में 10 प्रतिशत आर्थिक-पिछड़ा-वर्ग को आरक्षण देने का फैसला स्वागतयोग्य तथा सुखद था। लेकिन ईडब्ल्यूएस-आरक्षण के संदर्भ में आपका ध्यान चाहता हूं कि आर्थिक-पिछड़ा-वर्ग आरक्षण में आयुसीमा में छूट का प्रावधान न होने से इस वर्ग का एक बड़ा हिस्सा इसके लाभों से वंचित रह गया है जबकि अन्य सभी वर्ग के आरक्षण में आयु सीमा में छूट का प्रावधान है। गतवर्ष हरियाणा सरकार द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को आरक्षण में आयु में छूट देने की घोषणा की है जो एक स्वागतयोग्य कदम है। देश के अन्यराज्यों जैसे गुजरात-महाराष्ट्र-जम्मू कश्मीर में इस विसंगतियों को दूर कर ईडब्ल्यूएस आरक्षण में भी एसटी-एससी-ओबीसी आरक्षण की तरह आयु सीमा में छूट दी गई है। अतः आग्रह है कि केंद्र सरकार भी सम्पूर्ण देश में ईडब्ल्यूएस में आयु संबंधित छूट का प्रावधान अविलम्ब लागू करावें।

(इति)

Re: Watershed Development Project (WPC) under Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana in Satna parliamentary constituency, Madhya Pradesh

श्री गणेश सिंह (सतना): प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटर शेड विकास के अंतर्गत मध्य प्रदेश में कितनी परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई हैं। वर्ष 2014-15 के उपरांत कोई नवीन वाटर शेड परियोजना स्वीकृति नहीं हुई है, जो पुराना परियोजनाएं स्वीकृत हई थी उनका कार्य पर्ण कर लिया गया है। प्रदेश में निराबोया कृषि के कुल 152.00 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल का लगभग 60 प्रतिशत वर्षा पर आधारित कृषि क्षेत्र है। इस वर्षा आधारित कृषि वाटर क्षेत्र शेड विकास सिद्धांत के आधार पर जल संग्रहण संवर्धन का कार्य बहुत आवश्यक है। मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना में मझगवां, सिंहपुर, बदेरा, नागौद तथा धारकुंडी क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं वाटर शेड कार्य की हैं क्योंकि यह क्षेत्र पहाड़ी तथा जंगली क्षेत्र है जहा वा रोका जाना आवश्यक है। यहां का जलस्तर बहुत नीचे जा चुका है।

(इति)

Re: Conversion of people in Bastar and Sarguja, Chhattisgarh

श्री अरूण साव (बिलासपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ अपने भोले- भाले, सहज सरल लोगों का प्रदेश है। जिसे अलग राज्य का दर्जा 01/11/2000 को प्राप्त हुआ है। यह प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है, राज्य के बस्तर और सरगुजा संभाग में आदिवासी समुदाय के लोग बहुतायत में रहते हैं। छत्तीसगढ़ के भोले-भाले सहज सरल लोगों को प्रलोभन आदि के माध्यम से मतांतरित करने का योजनाबद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अतः मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ राज्य में तेजी से हो रहे मतांतरण की गतिविधियों पर संज्ञान लेने तथा इस पर रोक लगाने की मांग करता हूँ।

(इति)

Re: Need to identify children who lost their parents due to Covid-19 and extend adequate financial help for their upbringing and education

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर): महोदय, वर्तमान उपलब्ध जानकारी के अनुसार देश भर में अब तक 4,18,987 लोग कोरोना का शिकार हो चुके हैं। एक अनुमान के अनुसार इस विश्वव्यापी बीमारी के कारण देश भर में लगभग 1,19,000 बच्चे अनाथ हो गए हैं क्योंकि उनके माता'-पिता इस बीमारी के शिकार हो गए हैं तथा अब उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं हैं। हालांकि आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने प्रधान मंत्री केयर फंड से ऐसे प्रत्येक बच्चों के लिए 10 लाख रूपयों के फिक्स डिपाजिट करने तथा 18 वर्ष की आयु तक इस डिपाजिट के ब्याज से हर महीने स्टाइपंड देने की घोषणा की है। साथ ही उनकी शिक्षा दीक्षा की व्यवस्था करने का भी प्रावधान किया गया है। सभी राज्य सरकारें भी इस विषय में अपने अपने पैकेज की घोषणा कर रही हैं। परन्तु आवश्यकता इस बात की है कि ऐसे पीड़ित हर बच्चे की पहचान कर उसे इन घोषित पैकेज के माध्यम से सहायता शीघ्रातिशीघ्र पहचान कराई जाए। हालांकि महाराष्ट्र में कोरोना से अब तक 1,30,918 लोगों की मृत्यु हुई है अपितु यहां अनाथ हुए केवल 5000 बच्चों की ही पहचान हो पाई है।

इस सम्मानित सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि पूरे देश में कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों की पहचान करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाए तथा जहां तक संभव हो ऐसे अनाथ हुए प्रत्येक बच्चे की पहचान कर उसे सरकार द्वारा घोषित पैकेज के तहत वयस्क होने तक मासिक सहायता दिया जाना सुनिश्चित करने, उनका लालन पालन व शिक्षा दीक्षा की व्यवस्था शीघ्रातिशीघ्र करने हेतु आवश्यक कदम उठाए।

(इति)

Re: Need to provide Rajasthan its share of water from Ravi & Beas rivers

श्री राहुल कस्वां (चुरू): 0.17 MAF पानी राजस्थान के सिधमुख-नोहर क्षेत्र के लिए बहाव पद्धति द्वारा सिंचाई हेतु 0.47 एम. ए. एफ. पानी का आवंटन किया गया था, वर्तमान में यह पानी 0.30 एम. ए. एफ. ही मिल रहा है। शेष पानी के लिए केन्द्रीय जल आयोग की अध्यक्षा में हुई बैठक में इस बात की पुष्टि की, कि पंजाब सरकार ने भाखड़ा मैन लाईन की क्षमता बहाली का वांच्छित कार्य पूर्ण कर लिया है, और भाखड़ा मैन लाईन की क्षमता बहाल हो गई है। इसलिए अधिशेष रावी - व्यास जल के हिस्से में से 0.17 एम. ए. एफ. (एक्स नांगल) जल शीघ्र आवंटन किया जाए, सिधमुख-नोहर क्षेत्र के लिए अधिकृत जल 0.47 एम.ए.एफ. के हिसाब से सिंचित क्षेत्र का डिजाइन तैयार किया गया था, 0.17 एम.ए.एफ. पानी नहीं मिलने के कारण व नहर के अलाइमेन्ट में परिवर्तन के कारण, भादरा तहसील के 14 गांव , तारानगर तहसील 2 व नोहर क्षेत्र के 6 गांवों को इसे वंचित कर दिया गया। इसी तरह से चौधरी कुम्भाराम आर्य लिफ्ट से नोहर के 6 गावों को वंचित कर दिया गया। वर्तमान में नोहर, भादरा व तारानगर के कुल 28 गांवों के किसी भी सिंचाई योजना से नहीं जुड़ने के कारण किसान निराश है और वे पिछले 3 माह से धरने पर बैठे है, पानी की भयंकर समस्या है। किसानों की मांग है कि इन गावों को चौधरी कुम्भाराम आर्य लिफ्ट से जोड़ा जाए।

(इति)

Re: Need to establish a Sainik School in memory of Shri Jadunath Singh, PVC in Sahajahanpur parliamentary constituency, Uttar Pradesh

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मेरे संसदीय जनपद शाहजहांपुर के ग्राम खजूरी, तहसील कलान में परमवीर चक विजेता नायक श्री जदुनाथ सिंह की नायक जदुनाथ सिंह राजपूत रेजीमेंट के सैनिक थे। म मेरे संसदीय जनपद के नायक जदुनाथ सिंह को राजपूत इतिहास में यह गौरव प्राप्त हुआ है। यह किसी से किया काकोरी घटना के अमर शहीद श्री राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रौशन सिंह और अशफाक उल्ला खां इसी धरती की देन हैं तथा कार यद के दौरान भी दलित वर्ग का एक युवक रमेश देश के लिए अपनी कुरबानी दे चुका है।

यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि नायक जदुनाथ सिंह का गांव मेरे संसदीय जनपद शाहजहांपुर के अत्यधिक पिछड़े क्षेत्र में जनपद बदायूं और फर्रुखाबाद की सीमा पर स्थित है। यहां के निकटवर्ती क्षेत्र में युवकों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए कहीं कोई उच्च स्तरीय विद्यालय नहीं है तथा मेरे संसदीय जनपद और इसकी सीमा से सटे जनपदों के नौजवान उर्जावान, परिश्रमी, कर्मठ और देशभक्त हैं। यदि इन युवकों को किशोरावस्था से ही शिक्षा हेतु सैनिक स्कूल जैसे स्तरीय विद्यालय में संस्कार मिल जाएं तो शाहजहांपुर संसदीय जनपद की यह धरती, जो देश की आजादी से पहले से ही राष्ट्र की सेवा में समर्पित रही है, भविष्य में भी देश के प्रति इसी प्रकार से पूरी तरह समर्पित रहेगी।

अतः मेरा अनुरोध है कि शाहजहांपुर संसदीय जनपद के परमवीर चक विजेता नायक श्री जदुनाथ सिंह की याद में एक सैनिक विद्यालय की स्थापना उक्त जनपद में किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही की जाए।

(इति)

Re: Need to declare 'Margashirsha Shukla Ekadasi' as 'Antarrashtriya Geeta Diwas'

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारा देश भारत एक धर्म परायण देश है। इस देश की धरती पर लगभग 5200 वर्ष पूर्व अवतरित श्रीमद्भगवद् गीता 700 श्लोकों का एक दिव्य ग्रंथ है। यह एक अमूल्य चिंतामणि रज, साहित्य सागर में अमृत कुंभ और विचारों के उद्यान में कल्पतरू तथा धर्म में सत्यपथ का एक ज्योति स्तंभ है। इसमें वेद का मर्म, उपनिषद का सार, महाभारत जैसा ऐतिहासिक ग्रंय का नवनीत तथा सांख्य का समन्वय है। यह एक ऐसा आध्यात्मिक शास्त्र है जिसमें मनुष्य नर से नारायण बन सकता है। यह अलौकिक गंथ एक ऐसा तत्वज्ञान है जिसमें भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व की आत्मा बसती है और आज तक निर्विवादित रहा है।

लगभग सभी सम्प्रदायों के संस्थापक महापुरुषों ने अपनी क्षेत्रीय भाषा में गीता का ही सत्य दुहराया है कि "ईश्वर एक है।

पूरे विश्व में समस्या बनी है। रक्तरंजित वातावरण, आतंकवाद, नस्लभेद, ऊँच-नीच तथा अनेकानेक मुद्दों से विश्व के हर राष्ट्र का नेतृत्व समाधान खोजने के लिए प्रयास कर रहा है लेकिन इन सबका संपूर्ण समाधान केवल श्रीमद भगवद् गीता भाष्य यथार्थ गीता में ही भली प्रकार है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, इस संदर्भ में मेरी एक प्रार्थना तथा बहुमूल्य सुझाव है। हमारे पंचांग के अनुसार "गीता जयंती दिवस" मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी पर मनायी जाती है। हमारी मान्यता के अनुसार यह दिवस श्रीमद्भगवद् गीता का प्रतीकात्मक जन्म दिवस है। इसी दिन महाभारत युद्ध से पहले अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था। अतः विश्व में इस महान ग्रंथ को यथोचित सम्मानित करने के लिए इस दिवस को "अंतर्राष्ट्रीय गीता दिवस" घोषित कराने का प्रयास किया जाय ताकि विश्व जनमानस का ध्यान इसके उपदेशों पर केन्द्रित हो सके।

(इति)

Re: Need to establish educational and technical institutes of high quality in Dhar parliamentary constituency, Madhya Pradesh

श्री छतर सिंह दरबार (धार): मध्य प्रदेश में मेरा संसदीय क्षेत्र धार एक पिछड़ा एवं आदिवासी क्षेत्र है। यहां के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं पशुपालन है। हमारे दूरदृष्टा एवं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना पूरे देश का सम्यक विकास करना है तथा उनकी सभी नीतियां एवं कार्यकम पंक्ति में खड़े देश के अंतिम व्यक्ति को समर्पित हैं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री का हर क्षण देश के पिछड़े एवं कमजोर लोगों को उनकी दैनिक कठिनाइयों से छुटकारा दिलाकर एवं शोषण और दमन से मुक्त करवाने को समर्पित है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के पिछड़े इलाकों में उच्च कोटि के शैक्षिक एवं तकनीकी संस्थान खोले जाएं तथा हमारे मेधावी युवा वहां से शिक्षा ग्रहण कर अपना जीवन सार्थक करने के साथ ही देश का नाम रोशन कर सकें। (इति)

Re: Setting up of a Kendriya Vidyalaya in Pudukkottai

SHRI SU. THIRUNAVUKKARASAR (TIRUCHIRAPPALLI): Pudukkottai, a historical city in Tamil Nadu, is one of the assembly segments which comes under my Tiruchirappalli Lok Sabha Constituency. It is also the district headquarters. Pudukkottai is having a population of about 25 lakh and 16 lakh voters. Pudukkottai city is having a number of arts, science, nursing colleges, schools, polytechnics and a medical college. Various Central / State Government offices and PSUs are functioning in Pudukkottai district and a number of families of Ex. Servicemen are also settled.

Government of India has started Kendriya Vidyalayas in various parts of the country including district headquarters to provide affordable and quality education to the wards of Defence, para-military personnel and transferable Central Government employees. However, no such school has been set up so far in Pudukkottai.

I shall, therefore, urge upon Union Government to take immediate necessary steps for early setting up of a Kendriya Vidyalaya in Pudukkottai.

(ends)

Re: Delay in sanctioning posts for Aligarh Muslim University Centre, Kishanganj

DR. MOHAMMAD JAWED (KISHANGANJ): Aligarh Muslim University Centre, Kishanganj was established by the Government of India in the year 2013 in view of the shortage of educational institutions in Seemanchal region. The objective of the centre is to provide higher educatisonal facilities to the students of Kishanganj and its adjoining districts.

In the year 2014, UPA government had allocated an amount of Rs. 136.82 crores during XII plans for establishment of Kishanganj Centre for students of Bihar against which only an amount of Rs. 10 crores have been released.

Delay in sanctioning staff is acting as an impediment for the teachers to fulfil their assigned duties and hindering the intended educational activities of the institution. I humbly request you to kindly sanction the posts of teaching and non-teaching staff for AMU Centre, Kishanganj.

(ends)

Re: Construction of 6 lane elevated corridor from Tambaram to Chengalpattu and 8 laning from Chengalpattu to Tindivanam section of NH -45 in Tamil Nadu

DR. T. R. PAARIVENDHAR (PERAMBALUR): I would like to urge upon the union Ministry of Road Transport and Highways through you to start the construction of 6 lane elevated corridor from Tambaram to Chengalpattu and 8 laning *from* Chengalpattu to Tindivanam section of NH - 45 in the state of Tamil Nadu. Our Hon'ble Minister announced this project proposal on February 2018. Till now DPR is under process. I request to expedite the DPR and the concerned Ministry should take action floating tender. Moreover no Land Acquisition is required for this elevated corridor project from Tambaram to Chengalpattu. Eight laning work of NH- 45 from Tambaram to Paranur toll gate near Chengalpattu is in progress. Likewise, I request the Ministry to take necessary action for widening the NH-45 from Chengalpattu to Tindivanam into eight lane. I also request the Ministry through you Speaker Sir, to provide a expressway from Chennai to Madurai via Trichy like the Chennai to Bangalore expressway presently planned. As a result of it, heavy commercial traffic would be benefited to a large extent and the fuel consumption gets reduced considerably if expressway is formed.

(ends)

Re: Setting up of Central Tribal University (CTU) at Salur, Andhra Pradesh

SHRI VALLABHANENI BALASHOWRY (MACHILIPATNAM): Section 93 of AP Reorganisation Act mandates GOI to set up Central Tribal University, in Andhra Pradesh, but before establishing an institution of national importance, one should look at advantages of the site. Govt. of AP proposed the site at Salur in Vizianagaram which has so many advantages like:

It is within Tribal Sub-Plan area., located near NH-26, easily accessible to Odisha and Chhattisgarh, Saluru is one of the oldest Municipalities, better connectivity to Araku in Visakhapatnam, Salur is 20 Kms from Bobbili Railway Station & 60 kms from upcoming Bhogapuram International Airport, plenty of water is available as the site is adjacent to river and better power, telephone and net connectivity.

Importantly, VC, CTU, along with a Professor of UoH, submitted Inspection Report in February for shifting Tribal University to Salur.

Hence, I request GOI to expedite the process for establishing CTU at Salur.

(ends)

Re: New Pension Scheme

SHRI RITESH PANDEY (AMBEDKAR NAGAR): With the introduction of the New Pension Scheme, the old pension structure for government employees was modified in 2004 nationally and in 2005 in Uttar Pradesh. Under the NPS, the government's contribution to the pension of government employees would depend on the funds accumulated after investing in market instruments such as government securities and equity markets. However, in practice, this was not implemented equally across different states with the result that many government employees – even after more than a decade of public service – did not get their due retirement benefits. Therefore, under the banner of the All Teachers/Employees Welfare Association and the National Movement for Old Pension Scheme, a significant number of government employees have been protesting to provide the benefits due to them. I request the Minister of Personnel, Public Grievances, and Pensions to listen to their demands and end their long struggle for a respectful retirement after years of service.

(ends)

Re: Collection of caste-wise data under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme

SHRI P.R. NATARAJAN (COIMBATORE): I came to know that the Ministry of Rural Development has asked the states to provide data caste-wise under MGNREGA Scheme. This is the first time under the scheme that this kind of data has been sought since its inception in 2006. According to the rules, every adult of this country who seeks work should be provided for 100 days of minimum employment in a year without consideration about his/her religion and caste. In this connection, I would like to state that at present SC/ST sections collectively got 140 crore man days which is 37.76%. In our country, SC/ST population accounts for 24.4% while their participation is more than their population. In the budget, allocations are made to sub-plan as per the ratio of their population. In case, funds under sub-plan are to be routed to MGNREGA works, only upto 24.4% is to be allocated on the basis of population. Then, where will the funds for remaining 13% man-days come from? So in the guise of release of funds under sub-plan works to dalits, tribals will be reduced by half resulting in enslavement of these sections to landlords, as in the past. Even OBCs are going to be deprived. In villages, works under MGNREGA is the life line for dalits and tribals. Caste based work allocation in rural areas will have an impact and caste feeling will be aroused leading to formation of caste groups at work places. The feudal forces will ensure that dalits and tribals get tougher works and get less wages. The unity amongst work force will surely get hampered.

So, I request our hon'ble Minister, not to seek caste-wise data under MGNREGA scheme which besides reducing man days for SC/ST population which is the life line for their livelihood will also arouse caste feeling at work places.

(ends)

Re: Bodoland Territorial Region Accord

श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार): गत 27 जनवरी 2020 को बीटीआर एकॉर्ड के जरिये बीटीसी में सशस्त्र आंदोलन लगभग ख़त्म हो गया।

असम के लोगों की आशा है कि इसके जरिये बीटीसी क्षेत्र में शांति और प्रगति आएगा। आन्दोलनकाल में बोडो के साथ कोच राजबंग्शी, मुस्लिम, आदिवासी, हिन्दू बंगाली , कलिता , नाथ योगी आदि लोग हत्या, हिंसा और लूट के शिकार हुए और लाखों लोगों को शरणार्थी बनना पड़ा । इसलिए समझौते का जल्द से जल्द लागू करने के साथ अन्य जाति जन समूहों का भी विकास जरुरी हैं। एनडीएफबी सशस्त्र केडर के जल्द से जल्द नियोजन की व्यवस्था करना चाहिए साथ ही अन्य युवाओ को भी सुरक्षा बलों में विशेष भर्ती अभियान के तहत शामिल करना चाहिए।

इसके साथ ULFA, KLO, UGPO और आदिवासी सशस्त्र संगठन के साथ शांति समझौते जल्द से जल्द करना चाहिए और वहा कोई अन्य सशस्त्र संगठन के जन्म होने की सम्भावना सदा के लिए खत्म कर देना चाहिए।

(इति)

माननीय सभापति : मेरा आप सभी से निवेदन है कि अपना-अपना स्थान ग्रहण कीजिए। आप वरिष्ठ सदस्य हैं, इस प्रकार का व्यवहार आपको शोभा नहीं देता है। लोकतंत्र में सदन के अंदर चर्चा करनी चाहिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : अब भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण संशोधन विधेयक, 2021 लिया जाता है।

… (व्यवधान)

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक

1404 बजे

नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ:

"कि भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए। "

माननीय सभापति : क्या आप कुछ कहना चाहते हैं।

… (व्यवधान)

श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया : सभापति जी, भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 का संशोधन विधेयक आपके और सदन के समक्ष रखा गया है। यह बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है और बहुत महत्वपूर्ण संशोधन भी है। हमारे देश में वर्तमान समय में आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह निर्णय ले लिया गया था कि आने वाले भविष्य में हमारे देश की जनता को सुलभ यात्रा प्राप्त कराने के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। … (व्यवधान) माननीय प्रधान मंत्री जी ने ये निर्देश दिए थे कि देश में 130 करोड़ जनता में से हमें यह निश्चित करना होगा कि जो लोग वर्तमान में हवाई चप्पल पहनते हैं, वे हवाई जहाज में सफर कर पाएं। जो हवाई सेवा सदैव सदियों से, 70 सालों से अमीरों के लिए रखी जाती थी, बड़े-बड़े लोगों के लिए रखी जाती थी, वह हवाई सेवा हमारे प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ही नेतृत्व में आम जनता के लिए, गरीब के लिए, किसान के लिए देश में उपलब्ध की जा रही है।… (व्यवधान)

(1405/KDS/KMR)

यह उनका संकल्प है कि भारत आगे बढ़ेगा। जैसा कि महात्मा गांधी जी ने कहा था कि भारत का असली नागरिक गांवों में रहता है।… (व्यवधान) हमारे प्रधान मंत्री जी का भी वही संकल्प है कि जो सुविधाएं शहरी व्यक्ति को मिलती हैं, वही सुविधाएं हमारे ग्रामीण अंचल के निवासियों को भी मिलें।… (व्यवधान) उनकी सोच और विचारधारा है-'सबका साथ और सबका विकास।' हवाई सेवा उसी सोच और विचारधारा के साथ जुड़ी हुई है। यात्रा का प्रजातंत्रीकरण, यात्रा का लोकतंत्रीकरण अगर किसी सरकार के समय में हुआ है तो वह आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की सरकार में हुआ है। … (व्यवधान) ये सारी चीजें एक ही सोच और विचारधारा के साथ जुड़ी हुई हैं। वह सोच और विचारधारा एक आत्मनिर्भर भारत की है। … (व्यवधान) भारत सक्षम बने तो भारतीयों के लिए बने और जब भारत भारतीयों के लिए सक्षम बनेगा, जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा तो विश्व पटल पर उभरने की पूरी क्षमता हमारा भारत सदैव रखेगा। … (व्यवधान) इसी सोच के साथ जहां एक तरफ इस देश की आम जनता के लिए सुविधा मुहैया कराना है वहीं दूसरी तरफ सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास तथा तीसरी तरफ एक आत्मनिर्भर भारत की सोच और विचारधारा पैदा करनी है।… (व्यवधान)

सभापति महोदय, इस चुनौती के समय में जब कोरोना महामारी है, उस महामारी में भी संवाद के बदले सदन में नारेबाजी हो रही है। … (व्यवधान) इस माहौल में हमारी सरकार प्रतिबद्ध है कि

नारे जितने भी लगें, लेकिन हम इस देश के लिए संकल्पित हैं, हम किसानों के लिए संकल्पित हैं, हम गरीब के लिए संकल्पित हैं और इस देश के विकास के लिए संकल्पित हैं। कोरोना के इस वातावरण में ये संवाद और चर्चा नहीं करना चाहते हैं। … (व्यवधान) कोरोना के वातावरण में हमारे प्रधान मंत्री जी और हमारी सरकार ने यह निश्चय किया है कि चुनौतियों को भी हम अवसर में बदलेंगे और गरीबों, किसानों तथा इस देश की आम जनता तक हर सुविधा पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

सभापति महोदय, मैं एक-दो उदाहरण आपको देना चाहता हूं कि इस 'उड़ान योजना' का लाभ कैसे हमारे देश की आम जनता को मिला था। … (व्यवधान) बिहार में एक शहर दरभंगा है। वहां स्वतंत्रता के समय एक हवाई पट्टी बनी थी और एक निजी एयरलाइन दरभंगा एविएशन वर्ष 1950 से वर्ष 1962 तक वहां पर चलती थी। उसके बाद दरभंगा नागर विमानन नक्शे से मिट गया। वहां इसकी कोई सुविधा नहीं मिलती थी। … (व्यवधान) सबसे पास वाला एयरपोर्ट पटना था जो कि 5 घंटे की दूरी पर था। 9 नवम्बर, 2020 को दिल्ली से दरभंगा की पहली फ्लाइट पहुंची। केवल दरभंगा के वासियों के लिए ही नहीं, बल्कि उसके आसपास के 14 जिलों के वासियों में हर्षोल्लास का एक वातावरण पैदा हुआ। … (व्यवधान) जिस दरभंगा में एक फ्लाइट भी नहीं आती थी, जिस दरभंगा को सिविल एविएशन के नक्शे से उजाड़ दिया गया था, वहां पिछले डेढ़ साल में दरभंगा से पूरे देश के इर्दगिर्द प्लेन के लगभग 110 मूवमेंट्स हुए हैं। … (व्यवधान) दरभंगा के डेढ़ लाख यात्रियों को नवम्बर, 2020 से मार्च, 2021 तक देश के कोने-कोने में इस 'उड़ान योजना' ने पहुंचाया है। ऐसी कहानियां दुर्लभ हैं। … (व्यवधान) बेलगांव-कर्नाटक जो अध्ययन का क्षेत्र है। बेलगांव-कर्नाटक, जो जुड़ा हुआ नहीं था, वहां से आज 170 एयरक्राफ्ट मूवमेंट्स हैं। ढाई लाख यात्रियों का आवागमन हुआ है। … (व्यवधान)

(1410/CS/RCP)

ओडिशा के झारसुगुड़ा क्षेत्र में, द्वितीय विश्व युद्ध में, वहाँ एक हवाई पट्टी लगी थी, जो टूटी हुई थी।… (व्यवधान) वह व्यक्ति ओडिशा के बार्डर पर रहता है, छत्तीसगढ़ के बार्डर पर रहता है।… (व्यवधान) भुवनेश्वर 325 किलोमीटर दूर है।… (व्यवधान) उसके सबसे पास वाला एयरपोर्ट ओडिशा में नहीं, झारखंड, राँची में उपस्थित है।… (व्यवधान) वीर साई एयरपोर्ट मार्च, 2019 में स्थापित किया गया।… (व्यवधान) आज यह 9 बड़े शहरों से जुड़ गया है।… (व्यवधान) दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, रायपुर, पटना, भुवनेश्वर शहरों से जुड़ गया है।… (व्यवधान) दो लाख से ज्यादा यात्रियों ने वहां से सुलभ यात्रा की है।… (व्यवधान) वहां से 140 फ्लाइट्स कनेक्टेड हैं।… (व्यवधान) यह कहानी है प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की।… (व्यवधान) प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में यह भारत की कहानी है, आत्मनिर्भर भारत की कहानी है।… (व्यवधान) यही कहानी भारत के कोने-कोने की है और ऐसी अनेक कहानियाँ हैं। … (व्यवधान) रुपसी एयरपोर्ट असम में, किशनगढ़ एयरपोर्ट राजस्थान में, जगदलपुर एयरपोर्ट छत्तीसगढ़ में, आदमपुर एयरपोर्ट पंजाब में, हुबली एयरपोर्ट कर्नाटक में और ऐसी अनेक कहानियाँ हैं।… (व्यवधान) 'उड़ान' का लक्ष्य है कि हम लोग टियर-2 और टियर-3 शहरों को जोड़कर रखेंगे, उत्तर-पूर्वी भारत को जोड़कर रखेंगे, हमारे पहाड़ी राज्यों को जोड़कर रखेंगे, हमारे द्वीपों को जोड़कर रखेंगे।…

(व्यवधान) इसके लिए हमने पांच क्षेत्र बनाये हैं, उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और उत्तर-पूर्व का क्षेत्र।... (व्यवधान) बैठ जाइए।... (व्यवधान) 30 प्रतिशत, हर एक रीजन को हमने अपना नेतृत्व करने की क्षमता दी है।... (व्यवधान)

महोदय, अब इस क्लबिंग के आधार पर बहुत सारे लाभ इस क्षेत्र को मिलेंगे।... (व्यवधान) जहाँ एक तरफ एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के द्वारा छोटे-छोटे शहरों को एक नया महत्व दिया जाएगा।... (व्यवधान) शॉर्ट क्यों रखें? ... (व्यवधान) उनको अपना काम करने दो, हम अपना काम करेंगे।... (व्यवधान) पूरे देश को सुनना चाहिए कि प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में क्या किया जा रहा है।... (व्यवधान) पूरे देश को इनका व्यवहार भी सुनना चाहिए कि जहाँ आम आदमी के लिए कार्य किया जा रहा है, ये क्या कर रहे हैं?... (व्यवधान) इनकी सुनने की क्षमता नहीं है।... (व्यवधान) ये सुनाने की ही क्षमता रखना चाहते हैं।... (व्यवधान) अगर आपको सुनाना है तो प्रजातंत्र में आपको सुनना भी होगा।... (व्यवधान)

महोदय, मैं कह रहा था कि यह जो क्लबिंग की प्रक्रिया है, इसके आधार पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण छोटे-छोटे शहरों पर अपनी प्राथमिकता दे सकता है।... (व्यवधान) नये एयरपोर्ट्स का सृजन होगा।... (व्यवधान) जब नवोदय हवाई अड्डों का सृजन होगा, जो दूसरे हवाई अड्डे हैं, वहाँ निजी क्षेत्र अपनी भूमिका निभाये ताकि दोनों के बीच में एक सहयोग हो, एक संवाद हो और एक भूमिका दोनों, निजी और सरकारी क्षेत्र तय कर पाएं।... (व्यवधान) इसी के साथ हमारी सोच और विचारधारा है कि नए हवाई पट्टे बनें, छोट एयरपोर्ट्स की क्रॉस सब्सिडी हो।... (व्यवधान) इसके आधार पर जो आज भारत में 128 एयरपोर्ट्स, हवाई अड्डे हैं, जो आज भारत में 713 हवाई प्लेन्स हैं, हमारी सोच और विचारधारा है कि आने वाले समय में प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में भारत उड्डयन क्षेत्र में न केवल भारत का नेतृत्व करे, बल्कि पूरे विश्व का नेतृत्व करे।... (व्यवधान)

महोदय, मेरी आपसे अपील है, मेरी सभी सांसद भाई-बहनों से अपील है कि यह बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है।... (व्यवधान) इसे सर्वसम्मति से पारित किया जाए ताकि देश का एक-एक इंसान इस हवाई सेवा का लाभ ले पाए।... (व्यवधान) इन्हीं शब्दों के साथ आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।... (व्यवधान)

(इति)

माननीय सभापति (डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी) : मंत्री जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं सभी सम्माननीय सदस्यों से निवेदन करता हूँ कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक है।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : एक गरीब व्यक्ति, जो हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति है, उसके हवाई मुसाफिरी करने के लिए यह विधेयक लाया गया है।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

…..

(1415/KN/RK)

माननीय सभापति (डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी): अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

प्रश्न यह है:

"कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

… (व्यवधान)

श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया: सर, मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

अंतर्देशीय जलयान विधेयक

1417 बजे

माननीय सभापति : अंतर्देशीय जलयान विधेयक, 2021 – माननीय मंत्री जी।

… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF PORTS, SHIPPING AND WATERWAYS AND MINISTER OF AYUSH (SHRI SARBANANDA SONOWAL): Sir, I beg to move:

> "That the Bill to promote economical and safe transportation and trade through inland waters, to bring uniformity in application of law relating to inland waterways and navigation within the country, to provide for safety of navigation, protection of life and cargo, and prevention of pollution that may be caused by the use or navigation of inland vessels, to ensure transparency and accountability of administration of inland water transportation, to strengthen procedures governing the inland vessels, their construction, survey, registration, manning, navigation and such other matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration. "

Sir, the present Bill aims to fulfil the vision of the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi ji, towards achieving a forward looking and robust legal regime in the critical areas of infrastructure and governance. … (*Interruptions*) At present, navigation of mechanically propelled inland vessels plying in inland waters of the country is governed by the Inland Vessels Act, 1917. However, the Act has become obsolete and inadequate to address the increasing complexities of this sector, and the operational bottleneck inhibits smooth and interstate movement of inland vessels across the country.

Sir, to realise the potential of inland water transport and promote it as a supplementary and eco-friendly mode of transport to the congested road and rail network, it is important that movement along the waterways is absolutely seamless across the State boundaries.… (*Interruptions*)

The proposed Inland Vessels Bill, 2021 will go a long way in boosting trade, commerce and economic activities across the country, and shall promote national integration. Hence, a new legal regime that is favourable for future technological development, capable of facilitating present and future prospect of trade, transportation and safe navigation by inland vessels is the need of the hour. Thank you, Sir.

(ends)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

"कि अन्तर्देशीय जलमार्ग के माध्यम से मितव्ययी और सुरक्षित परिवहन तथा व्यापार की अभिवृद्धि करने, देश के भीतर अन्तर्देशीय जलमार्गों और नौपरिवहन संबंधी विधि को लागू करने में एकरूपता लाने, नौपरिवहन की सुरक्षा, जीवन और स्थोरा की संरक्षा के लिए उपबंध करने और प्रदूषण जो कि अन्तर्देशीय जलयान के उपयोग या नौपरिवहन के उपयोग द्वारा कारित हो सकता है, का निवारण करने, अन्तर्देशीय जल परिवहन के प्रशासन का पारदर्शी और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने, अन्तर्देशीय जलयानों, उनका सन्निर्माण, सर्वेक्षण, रजिस्ट्रीकरण, मैनिंग, नौपरिवहन के संचालन प्रक्रियाओं को मजबूत करने और इनसे संबद्ध या उनके आनुषंगिक ऐसे अन्य मामलों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी। कुछ माननीय सदस्यों ने इस बिल पर संशोधन के नोटिस दिए हैं। अगर वे अपने संशोधन प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो वे अपनी-अपनी सीट्स पर जाकर प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा मैं सभी खंडों को एक साथ सभा के समक्ष मतदान के लिए रख रहा हूं। मैं आपसे फिर निवेदन करता हूं कि अपनी-अपनी सीट्स पर जाएं।

… (व्यवधान)

(1420/PS/GG)

HON. CHAIRPERSON (DR. (PROF.) KIRIT PREMJIBHAI SOLANKI): Shri N.K. Premachandran, do you want to move any amendment?

… (*Interruptions*)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Hon. Chairperson, Sir, this is a very important Bill. … (*Interruptions*)

माननीय सभापति : श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी, आपको संशोधन मूव करना है?

… (व्यवधान)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I would like to say something before moving the amendments.

This Bill is having 114 Clauses and moving this Bill in the din is not proper. This is not the way in which the Bill has to be passed. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Shri N.K. Premachandran, are you moving your amendments?

… (*Interruptions*)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): I strongly oppose the way the Bill is being passed. I am not moving the amendments because the House is not in order. When the House is not in order, the Bills so passed have no value at all. … (*Interruptions*) This is not the way in which the Bill is to be passed. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Are you moving your amendments?

… (*Interruptions*)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): No, I am not moving the amendments. … (*Interruptions*)

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 से 114 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 से 114 विधेयक में जोड़ दिए गए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

… (व्यवधान)

SHRI SARBANANDA SONOWAL: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

माननीय सभापति : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक 30 जुलाई, 2021 को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1423 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा शुक्रवार 30 जुलाई, 2021 / 8 श्रावण, 1943 (शक)

के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।